बिहार सरकार
श्रम संसाधन विभाग
बिहार कौशल विकास मिशन

**आदेश**

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में एक ''आर्थिक हल युवाओं को बल'' के अधिन BSDC नासरीगंज Kyp Code 06060031 में कुशल युवा कार्यक्रम का संचालन M/S ICA Edu Skills Pvt. Ltd.,Kolkata के द्वारा किया जा रहा है। बिहार कौशल विकास मिशन के पदाधिकारियों की टीम के द्वारा दिनांक 2.4.2019 को इस केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया, तथा इस केन्द्र पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता अत्यंत ही निम्न कोटी की पाई गई। औचक निरीक्षण में यह पाया गया कि इस केन्द्र पर 10 Computer System गत एक माह से ज्यादा से खराब हैं, लेकिन एर्जेसी के द्वारा इनके त्रुटि निराकरण हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। विद्युत विपत्रों का भुगतान नहीं होने के कारण इस केन्द्र का विद्युत कनेक्शन माह जनवरी 2019 से ही विच्छेदित कर दिया गया था,लेकिन इसे बहाल करने की दिशा में भी एर्जेसी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। बिहार कौशल विकास मिशन के निर्धारित मानकों के अनुसार किसी भी कुशल युवा प्रशिक्षण केन्द्र पर हर समय दो ONCET Certified Learning Facilitator का होना आवश्यक है, लेकिन औचक निरीक्षण के समय इस केन्द्र पर केवल एक ही ONCET Certified Learning Facilitator उपस्थित थे।

BSDC नासरीगंज Kyp Code 06060031 पर पाई गई इन त्रुटियों के आधार पर इस केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों के नामांकन को तत्काल प्रभाव से अवरूद्ध किया गया, तथा बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या 428 दिनांक 5.4.2019 के द्वारा एर्जेसी से स्पष्टीकरण की मांग की गई। पूछे गये स्पष्टीकरण के आलोक में एर्जेसी M/S ICA Edu Skills Pvt. Ltd. के द्वारा अपने पत्र संख्या शून्य दिनांक 8.4.2019 के द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। 10 Computer System गत एक माह से खराब होने के बिंदु पर एर्जेसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि Worm Software update करने के क्रम में उनका 10 Computer System corrupt हो गया था,जिसे अब ठीक करा लिया गया है। जनवरी माह से विद्युत विच्छेदन के बिंदु पर एर्जेसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह कहा गया कि विद्युत विभाग से उन्हें गत वर्ष का 1.40 लाख का बकाया भेज दिया गया है, जिससे वह सहमत नहीं है। उनके द्वारा इसका आंशिक भुगतान भी किया गया, लेकिन इसके बावजूद विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत कनेक्शन को विच्छेदित कर दिया गया। अपने स्पष्टीकरण में एर्जेसी के द्वारा यह कहा गया है कि बावजूद इसके उन्होंने Power Back Up के सहारे इस केन्द्र का संचालन किया है।

Learning Facilitator की अनुपस्थिति के बिंदु पर एर्जेसी के द्वारा अपने स्पष्टीकरण में यह कहा गया है कि उन्होंने इस केन्द्र पर 3 Learning Facilitator को रखा है, लेकिन पदाधिकारियों के औचक निरीक्षण के समय उन्हें Center से संबंधित किसी महत्वपूर्ण कार्य के लिए क्षेत्र में भेजा गया था। दिनांक 12.4.2019 को एर्जेसी के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन को पुनः यह सूचित किया गया कि इस केन्द्र पर विद्युत कनेक्शन की समस्या का सामाधान कर लिया गया है, तथा उनके द्वारा बैच प्रारंभ किये जाने का अनुमति दिये जाने का अनुरोध किया गया। दिनांक 12.4.2019 को भेजे गये अपनी सूचना के साथ एर्जेसी के द्वारा South Bihar Power Distribution Company Ltd. के कार्यपालक अभियंता के साथ हस्ताक्षरित एक एकरारनामा की प्रति भी संलग्न की गई, जिसमें बकाये राशि को 5 किश्तों में वर्तमान माह के विपत्र के साथ जोड़ कर जमा किये जाने की बात कही गई है। इस एकरारनामा पर ICA Edu Skills Pvt. Ltd. के तरफ से श्री रवि कुमार के द्वारा हस्ताक्षर किया गया है। लेकिन ICA Edu Skills Pvt. Ltd. में ये किस पद को धारित करते है इसका उल्लेख इस एकरारनामा में नहीं है। एकरारनामा की कंडिका 7 में

Scanned by CamScanner

यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित है कि किसी भी किश्त के बकाये की स्थिति में इस एकरारनामा को निरस्त माना जायेगा।

M/S ICA Edu Skills Pvt. Ltd. Kolkata से प्राप्त स्पष्टीकरण संतोषप्रद तथा स्वीकार करने योग्य नहीं है। राज्य में कुशल युवा कार्यक्रम राज्य के युवाओं को Computer, ज्ञान, संवाद कौशल तथा व्यवहार कौशल का प्रशिक्षण दे कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ने तथा राज्य एवं देश के मांग के अनुरूप तैयार करते हुए रोजगारपरक बनाये जाने के उद्देश्य से संचालित किया जाता है। इस कार्यक्रम के संचालन के लिए कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षण लैब में कम–से कम 20 Client Computer का होना अति आवश्यक है,क्योंकि प्रशिक्षणार्थियों का एक बैच 20 छात्रों का होता है। यदि किसी केन्द्र पर एक माह से कंप्यूटर खराब हो साथ ही वहां 3 महीने से बिजली कनेक्शन बाधित हो और Center Owner के द्वारा इसे ठीक कराने हेतु, कोई कार्रवाई नहीं की गई हो, तो इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसे Center Owner तथा उनकी एजेंसी राज्य के युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने तथा उन्हें रोजगारपरक बनाये जाने में कितने तत्पर है।अपने स्पष्टीकरण में एजेंसी के द्वारा यह कहना कि Worm Software Update करने में उनके 10 Computer System Corrupt हो गये, भी सहज रूप से स्वीकार करने योग्य नहीं है। Worm Software Update करने का उद्देश्य यह होता है कि केन्द्र के लैब में उपलब्ध सभी Computer System का Specification बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप है। अगर Worm Software Update करने में ये 10 Computer Corrupt हुए तो यह स्पष्ट रूप से स्थापित हो जाता है कि एजेंसी के द्वारा बिहार कौशल विकास मिशन के निर्धारित मानकों के अनुरूप निर्धारित Specification का Computer System नहीं रखा गया है।केन्द्र के निरीक्षण के समय केन्द्र पर एक ही Learning Facilitater का उपस्थित रहना तथा केन्द्र पर कोई Center Co-ordinater का उपस्थित नहीं रहना यह स्थापित करता है कि एजेंसी के द्वारा राज्य सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना को निर्धारित मापदंडो के अनुरूप संचालित करने में कोई अभिरूची नहीं है। अपने स्पष्टीकरण में यह कहना कि उन्होंने अपने केन्द्र पर 3 Learning Facilitater में दो को किसी आवश्यक कार्य से क्षेत्र में भेजा था, भी स्वीकार करने योग्य नहीं है । बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा निर्धारित शर्तो के अनुसार केन्द्र संचालन की अवधि में केन्द्र पर कम–से कम दो Learning Facilitater का होना आवश्यक है। यदि कोई महत्वपूर्ण कार्य था तो भी एजेंसी को दो Learning Facilitater को केन्द्र पर रख कर ही अतिरिक्त Learning Facilitater को क्षेत्र में भेजना चाहिये था, लेकिन उनके द्वारा ऐसा नहीं किया जाना इस वास्तविकता को बल देता है कि उन्होंने इस केन्द्र पर एक Learning Facilitater के अतिरिक्त अन्य कोई Learning Facilitater रखा ही नही है।

एजेंसी ICA Edu Skills Pvt. Ltd. से प्राप्त स्पष्टीकरण स्वीकार करने योग्य नही है। अतः उपर्युक्त अंकित तथ्यों के आलोक में उनके स्पष्टीकरण को अस्वीकृत किया जाता है, तथा ICA Edu Skills Pvt. Ltd. Kolkata के साथ संबद्ध BSDC नासरीगंज(रोहतास) Kyp Code 06060031 के उनके पंजीकरण को तत्काल प्रभाव से रद्द करते हुए एजेंसी के द्वारा इस केन्द्र के लिए जमा की गई सुरक्षित जमा की राशि को जब्त किया जाता है। एजेंसी को यह भी आगाह किया जाता है कि भविष्य में उनके साथ संबद्ध किसी भी केन्द्र पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर उनके साथ हस्ताक्षरित एकरारनामा को रद्द कर दिया जाएगा, तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षित जमा की राशि को जब्त करते हुए एजेंसी को काली सूची में दर्ज किया जाएगा।Team Leader MKCL, अनुपम नारखेड़े को आदेश दिया जाता है कि वे BSDC नासरीगंज(रोहतास) Kyp Code 06060031 पर नामांकित वैसे सभी छात्रों को जिनकी परीक्षा अभी आयोजित नही हुई है, उन्हे विमुक्त कर दे ताकि वे नए सिरे से किसी

Scanned by CamScanner

अन्य केन्द्र पर अपना नामांकन करा कर कुशल युवा कार्यक्रम का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। प्रबंधक वित्त बिहार कौशल विकास मिशन को यह आदेश दिया जाता है कि वे M/S ICA Edu Skills Pvt. Ltd.,Kolkata के द्वारा BSDC नासरीगंज(रोहतास) Kyp Code 06060031 के लिए जमा किये गए सुरक्षित जमा की राशि को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लें तथा MKCL के द्वारा विमुक्त किये गए नामांकित छात्रों से प्राप्त सुरक्षित जमा की राशि को अविलंब वैसे नामांकित छात्रों के बैंक खाते में RTGS /NEFT के माध्यम से वापस कर दें।

ह/0

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

ज्ञापांक– BSDM/SDM-18/2017- (खंड–1)---554 दिनांक-16/5/2019

प्रतिलिपि – 1.M/S ICA EDU Skills Pvt. Ltd. Kolkata को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

2.श्री अनुपम नारखेड़े, Team Leader MKCL को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3.प्रबंधक(वित्त)बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकरी/मिशन निदेशक/प्रशासी पदाधिकारी/प्रबंधक कार्यक्रम क्रियान्वयन, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5.जिला पदाधिकारी,रोहतास/जिला नियोजन पदाधिकारी,रोहतास/जिला कौशल प्रबंधक, रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

6. Project Director, SPMU /श्री रतनदीप सिंह, मैनेजर MIS and Monitoring, SPMU /श्री रमण कुमार, मैनेजर SPMU/श्री धरमेन्द्र सिंह यादव, SPMU को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित

(दीपक कुमार सिंह)
सरकार के प्रधान सचिव
सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन।

Scanned by CamScanner